## सांदीपनी स्कूल परिसर से निर्माण कार्यों में पहुंच रहा ट्यूबवेल का पानी

# कलेक्टर के जल संकट आदेश की तामिया में खुली अनदेखी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर

जिले में लगातार गिरते भूजल स्तर और संभावित जल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन ने समय रहते एहतियाती कदम उठाए थे। पीएचई की रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर द्वारा जिलेभर में नए निर्माण कार्यों के लिए नलकूप खनन और जल उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाए गए थे, ताकि गर्मी के दिनों में आम नागरिकों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। लेकिन तामिया में इन आदेशों की किस तरह अनदेखी हो रही है, इसका उदाहरण सांदीपनी स्कूल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों में देखा जा सकता है।

तामिया स्थित सांदीपनी विद्यालय परिसर में इन दिनों छात्रावास एवं गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से किए जा रहे इन निर्माण कार्यों के संबंध में परिसर में कहीं भी निर्माण एजेंसी, कार्यकारी संस्था, लागत, स्वीकृति क्रमांक अथवा निर्माण अवधि का कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। ऐसे



में यह जान पाना मुश्किल हो जाता है कि आखिर इन निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी किस विभाग और किस

### निर्माण एजेंसी कौन? सूचना बोर्ड का अभाव बना रहस्य

सरकारी निर्माण कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य माना जाता है। इससे आमजन को यह जानकारी मिलती है कि कार्य किस विभाग द्वारा कराया जा रहा है, उसकी लागत कितनी है और निर्माण एजेंसी कौन है। लेकिन सांदीपनी स्कूल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों में ऐसा कोई बोर्ड दिखाई नहीं देता।इससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या संबंधित एजेंसियां जानबूझकर जानकारी छिपा रही हैं या फिर जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। पूर्व में भी इस परिसर में हुए निर्माण कार्यों को लेकर पारदर्शिता पर सवाल उठ चुके हैं और वर्तमान परिस्थितियां उन आशंकाओं को और मजबूत करती नजर आ रही हैं।

### खेल मैदान भी ठेकेदारों को सौंपने के आरोप

स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन शुरू से ही निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदारों पर मेहरबान रहा है। इससे पहले जब परिसर में निर्माण कार्य हुए थे, तब विद्यालय का खेल मैदान निर्माण एजेंसी को उपयोग के लिए दे दिया गया था।परिणामस्वरूप विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को खेल गतिविधियों से वंचित होना पड़ा था। जिस मैदान पर विद्यार्थियों को खेल अभ्यास करना चाहिए था, वह निर्माण सामग्री और मशीनों के कब्जे में रहा। अब एक बार फिर स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में दिखाई दे रही है।

### क्या कलेक्टर के आदेशों की हो रही अवहेलना?

एजेंसी के द्वारा जारी आदेशों का मूल उद्देश्य जिले में संभावित जल संकट को टालना और उपलब्ध जल संसाधनों का संरक्षण करना था। यदि प्रतिबंधों के बावजूद सरकारी परिसर के जल स्रोतों का उपयोग निर्माण कार्यों में किया जा रहा है, तो यह आदेशों की भावना के विपरीत माना जाएगा।अब सवाल यह उठता है कि क्या संबंधित विभाग ने निर्माण एजेंसी को पानी उपलब्ध कराने की अनुमति दी है? यदि अनुमति दी गई है तो उसके पीछे क्या कारण हैं? और यदि अनुमति नहीं दी गई, तो फिर यह व्यवस्था किसके निर्देश पर संचालित हो रही है?

**जांच की मांग तेज** : स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जांच में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि निर्माण कार्य किस एजेंसी द्वारा कराए जा रहे हैं, सूचना बोर्ड क्यों नहीं लगाया गया, निर्माण में पानी का स्रोत क्या है तथा क्या जिला प्रशासन के आदेशों का उल्लंघन किया गया है।यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होना आवश्यक है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति या संस्था जल संरक्षण से जुड़े प्रशासनिक निर्देशों को हल्के में लेने का साहस न कर सके।

### जल संकट के दौर में स्कूल के ट्यूबवेल से निर्माण कार्यों को पानी

सबसे गंभीर आरोप यह है कि वर्तमान में चल रहे छात्रावास और गर्ल्स हॉस्टल निर्माण कार्यों में स्कूल परिसर स्थित ट्यूबवेल के पानी का उपयोग किया जा रहा है।बताया जा रहा है कि इसके लिए एक विशेष व्यवस्था बनाई गई है। पहले विद्यालय भवन की छत पर रखी पानी की टंकियों को स्कूल के ट्यूबवेल से भरा जाता है और उसके बाद पाइप लाइन के माध्यम से इन्हीं टंकियों से निर्माण स्थलों तक पानी पहुंचाया जाता है। निर्माण कार्यों में उपयोग हो रहे इस पानी को देखकर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर जल संकट की आशंका के बीच विद्यालय के पेयजल स्रोत का उपयोग निर्माण कार्यों में किसकी अनुमति से किया जा रहा है?

### पुरानी बिल्डिंग में नहीं लगता कार्यालय, निगरानी पर भी सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय की पुरानी बिल्डिंग में नियमित रूप से कोई कार्यालय संचालित नहीं होता। ऐसे में कब, कितना और किस उद्देश्य से पानी निर्माण स्थल तक पहुंचाया जा रहा है, इसकी जानकारी किसी को नहीं होती।यदि वास्तव में विद्यालय के जल स्रोत का उपयोग निर्माण कार्यों में हो रहा है, तो यह प्रशासनिक निगरानी पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। क्योंकि ऐसे समय में जब ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पेयजल के लिए परेशान हैं, तब सरकारी संस्थान के जल स्रोत का निर्माण कार्यों में उपयोग जनभावनाओं को आहत करने वाला माना जा सकता है।

### जनहित का बड़ा सवाल

एक ओर जिला प्रशासन नागरिकों से जल संरक्षण की अपील कर रहा है, वहीं दूसरी ओर यदि सरकारी संस्थानों के माध्यम से ही निर्माण कार्यों में पेयजल स्रोतों का उपयोग किया जा रहा है, तो यह दोहरे मानदंड का संकेत माना जाएगा। ऐसे में प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह अपने ही आदेशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे और जनता के बीच यह संदेश दे कि नियम सभी के लिए समान हैं।अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस पूरे मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और सांदीपनी स्कूल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों से जुड़े इन सवालों का जवाब जनता को कब तक मिल पाता है।

आग किन कारणों से लगी पता नहीं चल सका है

## जूते की दुकान में लगी आग, लाखों के जूते जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया में मंगलवार अल सुबह एक जूते की दुकान में आग लग गई। जिससे दुकान में लगे लाखों के जूते और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। जानकारी के मुताबिक परासिया-तामिया मार्ग पर स्तिथ ब्रांड विला शूज में अल सुबह फजर की नमाज पढ़कर लौट रहे लोगों ने धुआं उठता देखा तो दुकानदार शेख मेनन को खबर दी। उसके बाद दुकान का ताला खोला गया , अंदर आग भभक रही थी। जिसे लोगों ने बुझाया । दुकान दार ने बताया , कि दुकान में 10 से बारह लाख रुपयों का माल भरा हुआ था । आग किन कारणों से लगी पता नहीं चल सका है ।

## बिजली तार की चपेट में आई बकरी, मौत



**परासिया** :- न्यूटन चिखली पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बरारिया में बिजली तार की चपेट में आकर एक बकरी झुलस गई और उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर 2:30 बजे की है । तेज बारिश और तूफान के कारण खेत में लगे बिजली के तार जमीन में गिर गए थे । इसी दौरान राम प्रसाद कहार की पत्नी कलावती कहार अपनी 8 - 10 बकरियां लेकर चराने गई थी ।उनमें से एक बकरी तार के चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई । बकरी चराने गई कलावती कहार ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी और विद्युत मंडल की कर्मचारियों ने विद्युत प्रवाह बंद किया ।कलावती ने न्यूटन पुलिस चौकी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज की है । पीएम के बाद उचित मुआवजा की कार्रवाई की जा रही है।

## सांसद ने प्रबुद्धजनों, बुजुर्गों और प्रमुखजनों का अभिनंदन कर किया सम्मान

### सांसद ने मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को लेकर किया विशेष जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिन्दवाड़ा। मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर और गांवों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर इसे एक उत्साह के रूप में मनाया जा रहा है, इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू भी शहर सहित गांवों में जाकर लोगों से जनसंपर्क करते हुए इस सफलतम 12 वर्ष के मोदी कार्यकाल के साक्षी बने प्रबुद्धजनों, बुजुर्गों और प्रमुखजनों का अभिनंदन करते हुए उनका सम्मान भी कर रहे है।



मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को लेकर को सांसद बंटी विवेक साहू ने मंगलवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना और डॉक्टर अनिल सक्सेना के निवास स्थान पहुंचकर जहा उनसे भेंट की वहीं उनका अभिनंदन करते हुए उनका सम्मान भी किया। वहीं विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत राहुल भसीन और शिवेन्द्र सिंह रघुवंशी से मुलाकात करते हुए उनका अभिनंदन किया वहीं शिवेन्द्र सिंह रघुवंशी के पुत्र आर्यमन सिंह रघुवंशी को बिलासपुर का जज नियुक्त होने पर सम्मानित भी किया। साथ ही उमाशंकर राय, मनोहर ठाकरे, मुकेश प्रजापति, भास्कर मिश्र एवं संकेत अग्रवाल से मुलाकात करते हुए उनका अभिनंदन और सम्मान किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि संतोष पटेल, दिनेशकांत मालवीय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता जगेन्द्र अल्डक, मनोज सक्सेना, अंकुर शुक्ला, सौरभ ठाकुर,राहुल बंटी उईके, सत्येन्द्र ठाकुर, विशवेन्द्र बैस, ओम चैरसिया, अभिषेक राय सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं परिवारजन उपस्थित थे।

## सांसद आज और कल बिछुआ के गांवों में चौपाल लगाकर करेंगे संवाद और गांवों में जनसंपर्क

**छिन्दवाड़ा**। मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू आज 17 जून और 18 जून को बिछुआ के गांवों जहा चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनकर उसका मौके पर ही समाधान करेंगे वहीं गांवों में घुमकर जनसंपर्क भी करेंगे। इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम बडोसा में रात्रि विश्राम भी करेंगे।

उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू जहा लगातार जिले के गांवों में पहुंचकर चौपाल लगाते हुए ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर रहे है वही गांवों में जनसंपर्क करते हुए आमजनों को मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दे रहे है। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू आज 17 जून को बिछुआ के ग्राम राधादेव देवस्थान में दोपहर 1:30 बजे पहुंचकर पुजा अर्चना करते हुये पौधारोपण करेंगे और राधादेव में ही चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनकर उसका मौके पर ही समाधान भी करेंगे। सांसद श्री साहू दोपहर 2:30 बजे साहनवाड़ी में लाभार्थियों से मुलाकात करते हुये चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनकर उसका मौके पर ही समाधान भी करेंगे। सांसद बंटी विवेक साहू दोपहर 3:30 बजे ग्राम लोहांगी में गांव की लाभार्थी महिलाओं से संवाद करते हुये विशिष्टजनों से संवाद भी करेंगे।

## सांसद ने बंदेवार परिवार को बंधाया ढांढस



**छिन्दवाड़ा**। खैरी भोपाल निवासी हरिप्रसाद बंदेवार की धर्मपत्नि का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन पर सांसद बंटी विवेक साहू ने गहन दुख व्यक्त करते हुए मंगलवार को हरिप्रसाद बंदेवार के निवास स्थान पहुंचकर जहां स्वर्गीय श्रीमती बंदेवार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जहा श्रद्धांजलि अर्पित की वहीं बंदेवार परिवार से मुलाकात करके उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि श्रीमती बंदेवार का आकस्मिक निधन होना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत पूर्ण आत्मा को शांति प्रदान करते हुए उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि संतोष पटेल, दिनेशकांत मालवीय, वरिष्ठ भाजपा नेता जगेन्द्र अल्डक, बंटी पटेल, मनोज सक्सेना सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं परिवारजन उपस्थित थे।

## सांसद ने स्वर्गीय श्रीमती ज्योति दुबे को दी श्रद्धांजलि और दुबे परिवार को बंधाया ढांढस

**छिन्दवाड़ा**। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर दुबे की धर्मपत्नि एवं हर्षिद दुबे की माताजी और भीम दुबे की भाभी श्रीमती ज्योति दुबे का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन पर सांसद बंटी विवेक साहू ने गहन दुख व्यक्त करते हुए मंगलवार को वरिष्ठ पत्रकार सुधीर दुबे के निवास स्थान पहुंचकर जहां स्वर्गीय श्रीमती ज्योति दुबे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की वहीं दुबे परिवार से मुलाकात करके उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि मिलनसार और खुशमिजाज श्रीमती ज्योति दुबे का आकस्मिक निधन होना अत्यंत पीड़ादायक है। श्रीमती ज्योति दुबे का इस दुनिया से जाना दुबे परिवार सहित हम सभी के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि समाज और सार्वजनिक जीवन में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। सांसद श्री साहू ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत पूर्ण आत्मा को शांति प्रदान करते हुए उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे।

## कोरोना काल में शुरू हुई रक्तदान मुहिम, आज सैकड़ों जरूरतमंदों के लिए बनी जीवनदायिनी



**पांढुर्णा**। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन द्वारा 15 अगस्त 2020 से रक्तदान अभियान की शुरुआत की गई थी। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के दौरान सरकारी अस्पताल सौसर एवं जिला अस्पताल छिंदवाड़ा में रक्तदाताओं की कमी के कारण रक्त संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। कोरोना के विपरीत परिस्थितियों में अधिकांश युवा रक्तदान के लिए आगे नहीं आ रहे थे। ऐसे समय में युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन ने जिले एवं सिविल अस्पताल सौसर में रक्त समूहों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रक्तदान शिविरों का आयोजन प्रारंभ किया। जब जिला अस्पताल में रक्त की कमी की स्थिति बनी, तब बीएमओ श्री एन.के. शास्त्री द्वारा संस्था के सदस्यों से रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहयोग की अपेक्षा की गई। इसके बाद संस्था द्वारा रक्तदान शिविरों की पहल शुरू की गई, जिसके माध्यम से जनजागरूकता फैलाने के साथ-साथ सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में भी रक्तदान शिविर आयोजित करने का संदेश दिया जाने लगा।

## अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई

**पांढुर्णा**। राज्य शासन द्वारा संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए सुनवाई की जाती है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री नीलमणि अग्निहोत्री ने 15 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में माया उम्रकर, निवासी खारीवार्ड पांढुर्णा द्वारा आवासीय आबादी पट्टा प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। जगदीश बुवाडे, निवासी नरसला, तहसील एवं जिला पांढुर्णा द्वारा पैतृक भूखंड पर नाम दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन दिया गया। सहसराम चौधरी, संत जलाराम वार्ड पांढुर्णा द्वारा सीमांकन संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया।

## 18 जून को शासकीय आईटीआई पांढुर्णा में आयोजित होगा जिला स्तरीय युवा संगम मेला

**पांढुर्णा**। जिला रोजगार कार्यालय पांढुर्णा, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पांढुर्णा एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा/पांढुर्णा के संयुक्त तत्वावधान में 18 जून 2026 को जिला स्तरीय युवा संगम मेला (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला) का आयोजन शासकीय आईटीआई पांढुर्णा में किया जाएगा। मेले का उद्देश्य युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना तथा विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में उपलब्ध रिक्त पदों की जानकारी प्रदान कर रोजगार उपलब्ध कराना है। मेले में एमआरएफ टायर्स प्रा.लि. गोवा द्वारा मशीन ऑपरेटर एवं मैन्युफेक्चरिंग पदों के लिए 12वीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इसी प्रकार कृष्णा बेल्ट प्रा.लि. सतनूर द्वारा मशीन ऑपरेटर, लोहिया ग्रीन एनर्जी प्रा.लि. सीलोरा -सौंसर द्वारा अप्रेन्टिसशिप, बालाजी वेफर्स प्रा.लि. पीथमपुर द्वारा प्रोडक्शन, क्वालिटी कंट्रोल एवं पैकिंग, तथा माहले इंजन कम्पोनेंट प्रा.लि. पीथमपुर द्वारा प्रोडक्शन विभाग, सीएनसी एवं वीएमसी मशीन ऑपरेटर तथा मेन्टेनेंस विभाग के पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भारतीय जीवन बीमा निगम, पांढुर्णा द्वारा बीमा सखी एवं ऑफिस वर्क के पदों के लिए भी अवसर उपलब्ध रहेंगे। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, बी-टेक एवं स्नातक निर्धारित की गई है।

## नगर निगम ने शहर में की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार नगर निगम अतिक्रमण निरोधक दल द्वारा आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने एवं रोको-टोको अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान नरसिंहपुर ओवरब्रिज के नीचे फल-फ्रूट एवं अन्य फुटकर व्यापारियों को व्यवस्थित किया गया। इसके पश्चात संतोषी माता मंदिर, श्रीराम मंदिर, जगन्नाथ स्कूल नरसिंहपुर रोड एवं संकट मोचन मंदिर क्षेत्र तक सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही उद्घोषणा (अनाउंसमेंट) के माध्यम से व्यापारियों एवं आमजन को सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई।





इसके अतिरिक्त नागपुर रोड स्थित नगर निगम टाउन हॉल से पोस्ट ऑफिस, जिला चिकित्सालय, सिटी कोतवाली, ईएलसी चौक एवं बोदरी नदी क्षेत्र तक रोको-टोको अभियान चलाया गया। इस दौरान पोस्ट ऑफिस, मोहबे मार्केट, बुधवारी बाजार, चूड़ी मार्केट, पहाड़े मेडिकल एवं गोलगंज फव्वारा चौक क्षेत्र में दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। नगर निगम दल द्वारा संबंधित दुकानदारों एवं व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे सड़क एवं सार्वजनिक मार्ग पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। भविष्य में अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सांसद ने 6 मरीजों को इलाज के लिए दिलाई 2 लाख 50 हजार की आर्थिक मदद

**छिंदवाड़ा**। सांसद बंटी विवेक साहू ने हार्ट, कैंसर, पीलिया सहित अन्य बिमारियों से पीड़ति 6 जरूरतमंद मरीजों को 2 लाख 50 हजार की आर्थिक मदद दिलाई है। सांसद श्री साहू के प्रयासों के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को अपनी स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता दी है। यह आर्थिक सहायता राषि मिलने पर 6 जरूरतमंद मरीजों का नागपुर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा। सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान मद से मोहखेड़ के ग्राम सिंगपुर निवासी तुलसीराम पिता गोपाल टांडेकर को 20 हजार, छिन्दवाड़ा के ग्राम गुमगांव निवासी श्रीमती झनकदुलारी पति विष्णु वर्मा को 50 हजार, छिन्दवाड़ा निवासी श्रीमती नीलिमा पति सुरेन्द्र सिंह तेकाम को 50 हजार, परासिया के ग्राम शिवपुरी निवासी संजय पिता रामलाल चैहान को भी 50 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है।

## दो छात्राओं का चयन, कोटा में मिलेगी निःशुल्क नीट कोचिंग

**छिन्दवाड़ा**। एलन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कैरियर इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में निर्धन वर्ग के परिवारों के विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष शिक्षा संबल योजना 2026 आयोजित की जाती है। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार के नेतृत्व में इस वर्ष इस परीक्षा का केंद्र छिंदवाड़ा में भी निर्धारित किया गया। वर्ष 2026 की शिक्षा संबल योजना की परीक्षा 10 मई को उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में एलन इंदौर द्वारा आयोजित की गई। जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि इस योजना में छिंदवाड़ा जिले से दो छात्राओं का चयन हुआ है। उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा की छात्रा लक्ष्मी विश्वकर्मा तथा परासिया मॉडल स्कूल की छात्रा गीतिका बघेल (जीव विज्ञान) का चयन योजना के अंतर्गत हुआ है।

### खाद और सार्वजनिक वितरण की महत्वपूर्ण बैठक में सांसद ने रखे अपने सुझाव

# सांसद ने पाम ऑयल से हो रहे नुकसान को लेकर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

संसद की महत्वपूर्ण कमेटी उपभोक्ता मामले, खाद और सार्वजनिक वितरण की बैठके लगातार आयोजित की जा रही हैं। इस महत्वपूर्ण कमेटी में बतौर सदस्य सांसद बंटी विवेक साहू लगातार शामिल होकर अपने सुझाव और विचार प्रस्तुत कर रहे है। पूर्व में हुई बैठकों में सांसद श्री साहू द्वारा दिए गए सुझाव पर कमेटी ने अमल करते हुए उसे देश भर में लागू भी किया है।



सोमवार को संसद भवन दिल्ली में कानीमोजी करूणानिधि की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सांसद श्री साहू ने कमेटी के समक्ष पाम ऑयल से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव और नुकसान को लेकर चिंता जताते हुए अपने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी कमेटी के समक्ष रखे। बैठक के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने कमेटी के समक्ष अपने सुझाव रखते हुए बताया कि देश भर में पाम ऑयल का उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके उपयोग से लोगों के स्वास्थ्य में विपरित प्रभाव पड़ रहा है। जिसके लिए पाम ऑयल बनाने वाली कंपनियों की निगरानी करते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही करनी होगी। जिसमें पाम ऑयल में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों की जांच करते हुए उसकी मात्रा निर्धारित करनी होगी। उन्होंने बताया कि इसके अत्यधिक सेवन से हृदय के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। चुंकि इसकी लागत काफी कम है और यह लंबे समय तक खराब नहीं होता है इसलिए इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है। हमें इसकी निगरानी करनी होगी। बैठक के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने कमेटी के समक्ष प्रस्ताव रखा कि हमें दलहन के उत्पादन को बढ़ाना होगा। जिसके लिए हमें किसानों को जागरूक करते हुए उन्हें दलहन उत्पादन के लिए प्रोत्साहित भी करना होगा। उन्होंने बताया कि दलहन फसलों में जैसे चना, अरहर, मटर, मसूर सहित अन्य फसलें मिट्टी को उपजाऊ बनाने वाली फलीदार फसले है। उन्होंने बताया कि इसके उत्पादन से उर्वरकों का खर्च घटता है और शाकाहारी भोजन में उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटिन आपूर्ति होती है। वर्तमान में लोगों द्वारा मोटे अनाज का उपयोग अधिक किया जा रहा है। इसलिए हमें दलहन की फसल उत्पादन के लिए देश के किसानों को जागरूक और प्रोत्साहित करना होगा।

# सिलोरा ईथेनॉल कंपनी पर कार्यवाही की मांग

## कन्हान नदी में पहुंच रहा है'जहरीला' पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



तहसील की कन्हान नदी में सिलोरा एथेनॉल कंपनी द्वारा छोड़े जा रहे जहरीले रसायनों पानी का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। इथेनाल कंपनी के खिलाफ पूर्व में की गई शिकायतों और प्रशासन द्वारा की गई जांच में जल प्रदूषण की पुष्टि होने के बावजूद, अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से क्षेत्र के किसानों और आम जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है।

कार्रवाई की मांग को लेकर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत धुर्वे के नेतृत्व में सोशल प्रशासन को ज्ञापन सोपा गया।राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी सिद्धार्थ पटेल को एक स्मरण पत्र सौंपकर इथेनाल कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि कंपनी द्वारा नदी में लगातार जहरीला केमिकल युक्त पानी बहाया जा रहा है।जिससे न केवल जलीय जीव मर रहे हैं।बल्कि आस-पास के गांवों की फसलें और मवेशी भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं।शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि प्रशासन द्वारा जांच पूरी कर ली गई है और प्रदूषण की पुष्टि भी हो चुकी है, इसके बावजूद दोषी फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की इस ढिलाई के कारण कंपनी के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बिना किसी डर के नदी को जहरीला बना रहे हैं।

## जीरो कल्टीवेशन तकनीक से हो रहा संतरा उत्पादन



**सौंसर।** कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को अपनाकर लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम वाघोली स्थित प्रवीण बेलखेड़े की नर्सरी में एक दिवसीय 'संतरा उत्पादन मार्गदर्शन सेमिनार' का आयोजन किया गया।' कार्यक्रम की अध्यक्षता सौसर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय चौरे ने की। एग्रो वन' पत्रिका के 21वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में पांढुर्णा, अमरावती और नागपुर जिलों के लगभग 600 किसानों ने हिस्सा लिया। चर्चा के दौरान पूर्व विधायक अजय चौरे ने बताया कि सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में संतरा विशेषज्ञ प्रवीण बेलखेड़े ने किसानों को 'जीरो कल्टिवेशन' तकनीक की बारीकियां समझाईं। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे मिट्टी परीक्षण, पौधारोपण से पूर्व की तैयारी और आधुनिक कृषि यंत्रों के संतुलित उपयोग से किसान न केवल अपनी लागत को कम कर सकते हैं, बल्कि संतरा उत्पादन की गुणवत्ता में भी भारी वृद्धि कर सकते हैं। प्रवीण बेलखेड़े ने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों के विभिन्न तकनीकी सवालों का समाधानकारक उत्तर दिया। उन्होंने संतरा बागवानी में आने वाली समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान पर विशेष चर्चा की, जिससे किसानों को बागवानी में आने वाली बाधाओं को दूर करने में मदद मिलेगी। पूर्व विधायक अजय चौरे ने अध्यक्ष संबोधन मे कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों की आवश्यकता पर बल दिया और किसानों से आग्रह किया कि वे कृषि विशेषज्ञों द्वारा बताई गई आधुनिक विधियों को अपनाकर अपनी आय को दोगुना करने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## संघठन की बैठक में शामिल हुए जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड



**सौंसर।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय, भोपाल में आयोजित महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठकों में पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने सहभागिता की, भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' के अंतर्गत आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में संगठन को वैचारिक रूप से मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के कौशल विकास पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, गुजरात के संगठन महामंत्री रत्नाकर एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रभारी श्री के. सी. पटेल ने कार्यकर्ताओं को ओजस्वी मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके साथ ही छिंदवाड़ा एवं जबलपुर संभाग की संयुक्त संगठनात्मक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इसमें प्रदेश नेतृत्व ने संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर मंथन किया। इस दौरान पांढुर्णा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने जिले की संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण और आगामी कार्ययोजनाओं का विस्तृत ब्योरा वरिष्ठ नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत किया।बैठक में प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, राहुल कोठारी एवं जिला संगठन प्रभारी दीपांकर बनर्जी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नशामुक्त भारत का जिला स्तरीय प्रशिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**छिंदवाड़ा।** समाज मे नशाखोरी की विक्रति मे बढ़ोत्तरी मे कमी लाने के लिए स्थानीय शासकीय उतकृष्ट विध्यालय मे नशा मुक्त भारत अभियान पर एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षको का प्रशिक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार के निर्देशन मे वाल्मी भोपाल के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग छिंदवाड़ा के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्र के शुभारंभ अवसर पर नशा मुक्त भारत से पधारे,प्रशिक्षण समन्वयक प्रशांत चौहान ने बताया की आयोजन का मुख्य उद्देश्य अभियान को आमजनो तक प्रशिक्षण के माध्यम से पहुंचाना , सामुदायिक भागीदारी को बढाना ओर नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा मे सामुहिक प्रयासो को मजबूत कर नशा मुक्त भारत की परिकल्पना को साकार करना हे , नशा मुक्ति केंद्र के डारेक्टर एवं प्रशिक्षक पंडित राकेश शर्मा ने बताया की नशामुक्ति अभियान मे गति लाने के लिये जिला छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी, जन अभियान परिषद ,स्वास्थ्य विभाग,समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी से 150 जिला स्तर के प्रशिक्षको का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक श्यामल राव ने कहा कि भारत युवाओ का देश हे यदि युवा ही नशे की चपेट मे आ जाए तो देश का भविष्य कमजोर हो जायेगा, नशा का सेवन एक सामाजिक बुराई के रूप मे फैल रहा है, जो व्यक्ति को धीरे से अपने शिकंजों में जकड़ लेता है तथा उसको शारीरिक एवं मानसिक रूप से बीमार बना देता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पूरा परिवार बिखर जाता हे। यदि किसी व्यक्ति या बालक का किसी मादक पदार्थ या नशीली दवाओं स्वापक मादक प्रभावी पदार्थ के विक्रय, फुटकर क्रय- विक्रय ,उसे साथ रखने, उसकी आपूर्ति करने या तस्करी करने के लिए उपयोग किया जाना व बालक या व्यक्ति को मादक लेकर या स्वापक औषधि या मना प्रभावित पदार्थ देने के लिए शास्ति है।

## चौरई ब्लॉक किसान कांग्रेस ने किसान हित में सौंपा ज्ञापन

### डीजल पर लगाए गए प्रतिबंध के चलते प्रभावित कृषि कार्यों से अवगत कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशन पर वर्तमान समय में किसानों के समक्ष उत्पन्न हो रही विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक किसान कांग्रेस चौरई द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी चौरई को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से किसानों की प्रमुख समस्याओं का निराकरण किए जाने की मांग की गई।

प्रस्तुत ज्ञापन में डीजल की आपूर्ति में गंभीर बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। केन एवं कुप्पियों में डीजल देने पर लगाए गए प्रतिबंध के कारण किसानों को समय पर डीजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे खेती-किसानी के कार्य प्रभावित हो रहे। उन्होंने इस व्यवस्था में आवश्यक सुधार कर किसानों को सुगम एवं निर्बाध डीजल उपलब्ध कराने की मांग की। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष श्री सुशील सक्सेना ने कहा कि क्षेत्र में खाद एवं उर्वरकों की उपलब्धता भी किसानों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद-उर्वरक उपलब्ध न होने से कृषि उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ रही है। उन्होंने शासन-प्रशासन से किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप खाद एवं उर्वरकों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

ज्ञापन के दौरान किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय किसानों की अन्य समस्याओं से भी अनुविभागीय अधिकारी को अवगत कराया तथा किसानों के हित में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया। किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो किसानों को और अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। संगठन ने प्रशासन से संवेदनशीलता के साथ किसानों की मांगों पर विचार कर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने की अपेक्षा व्यक्त की।

## 18 को सांसद साईंखेड़ा में स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण तैयारियों का लिया भाजपा नेताओं ने जायजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

ग्राम पंचायत साईंखेड़ा में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आगामी लोकार्पण समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार एक महत्वपूर्ण बैठकनिरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहोड ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।यह स्वास्थ्य केंद्र आगामी 18 जून को आम जनता के लिए समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विवेक बंटी साहू उपस्थित रहेंगे। श्री मोहोड ने कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बेहतर समन्वय के साथ कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरानजिला एस.सी. मोर्चा अध्यक्ष खेमराज सोनेकर,सरपंच पति दिलीप ठाकरे, तिनखेड़ा सरपंच हरीश धुर्वे,दीपक नाईक, प्रभाकर भूते,नीलेश जूननकर, दिनेश मोहिते,बीएमओ रूपेश बोकडे, डॉ. संदीप नखाते, अस्पताल प्रभारी डॉ. लीना नागले आदि थे। इस स्वास्थ्य केंद्र के खुलने से साईंखेड़ा और आसपास के ग्रामीण अंचलों के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## बाघ नदी में रेत का काला खेलः पांच ट्रैक्टर पकड़े, दो पर कार्रवाई, तीन को छोडऩे से उठे सवाल

### ग्रामीणों का आरोप-मुंह देखकर हुई कार्रवाई, अवैध उत्खनन के बड़े खिलाडिय़ों पर मेहरबानी, छोटे वाहन मालिक बने निशाना



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** तहसील लांजी के ग्राम बापड़ी स्थित बाघ नदी में चल रहे कथित अवैध रेत उत्खनन के मामले में मंगलवार सुबह हुई पुलिस कार्रवाई अब खुद सवालों के घेरे में आ गई है। सुबह करीब 9:30 बजे पुलिस ने मौके से पांच ट्रैक्टरों कोटी रोका, लेकिन रेत से भरे केवल दो ट्रैक्टरों को ही जब्त किया गया, जबकि तीन ट्रैक्टरों को खाली होने का हवाला देकर छोड़ दिया गया। इस कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है और उन्होंने पुलिस पर मुंह देखकर कार्रवाई करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार बाघ नदी से प्रतिदिन रात-दिन रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जाता है। क्षेत्र में रोजाना बड़ी संख्या में ट्रैक्टर रेत ढोते नजर आते हैं, लेकिन प्रशासन की कार्रवाई अक्सर कुछ चुनिंदा वाहनों तक ही सीमित रह जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में लांजी पुलिस खाली ट्रैक्टरों पर भी कार्रवाई कर चुकी है, ऐसे में इस बार तीन ट्रैक्टरों को छोडऩा कई सवाल खड़े करता है।

बापड़ी निवासी धनेन्द्र बनोटे ने बताया कि वह अपने घर निर्माण के लिए दूसरी बार रेत लेकर जा रहे थे, तभी पुलिस ने उनका ट्रैक्टर जब्त कर लिया। उनके अनुसार नदी क्षेत्र में लंबे समय से बड़े पैमाने पर रेत निकासी करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, जबकि छोटे लोगों को पकड़कर कार्रवाई का दिखावा किया जाता है। मोहन दमाहे का ट्रैक्टर भी इस कार्रवाई में जब्त किया गया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन के बदले प्रति ट्रॉली करीब दो सौ रुपये की वसूली की जाती है और इसी कारण कुछ ट्रैक्टरों को छोड़कर कुछ पर कार्रवाई की जाती है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बाघ नदी में चल रहे इस कथित रेत कारोबार और पुलिस की चयनात्मक कार्रवाई ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब क्षेत्रवासी प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर पूरे मामले की सच्चाई सामने लाने तथा बिना भेदभाव सभी दोषियों पर समान कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, एक ही परिवार के 3 सहित 4 घायल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम झंझागी और कोहका गांव के बीच सड़क मार्ग में दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक ही परिवार के पति-पत्नी और 4 साल के मासूम सहित कुल 4 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और सभी घायलों को कटंगी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है और उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार बाइक क्रमांक एमपी 50 बी 3531 और एमपी 50 एमयू 5099 की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। एक बाइक में सवार ग्राम टेकाड़ी थाना कटंगी निवासी तेजलाल पिता नीलचंद पटले उम्र 36 साल, उनकी धर्मपत्नी दुर्गावती पति तेजलाल पटले उम्र 34 साल और उनका 04 वर्षीय पुत्र वेदांत पिता तेजलाल पटले घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार ग्राम चिखलाबांध थाना रामपायली निवासी वीरेंद्र पिता प्रताप सिंह खंडाते उम्र 25 वर्ष को भी चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। डायल 112 में तैनात आरक्षक केशवराम सनोड़िया और पायलट अजय गिरी ने बिना देरी किए चारों घायलों को उठाकर सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया। समय पर अस्पताल पहुंचने से घायलों को तत्काल इलाज मिल सका। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क हादसे में घायल चारों लोगों की हालत अब ठीक है। फिलहाल किसी की ओर से शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। सभी का उपचार कटंगी के सरकारी अस्पताल में जारी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हादसे के वक्त दोनों बाइक सवार कहां जा रहे थे। पुलिस घायलों के बयान दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

## एसडीएम ठाकुर खरगोन भेजे गए 1 साल का रहा कार्यकाल



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल ने 15 जून को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के 155 अधिकारियों, प्रभारी डिप्टी कलेक्टरों का प्रशासकीय आधार पर तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इस तबादला सूची में बालाघाट जिले के कटंगी अनुविभाग के एसडीएम कैलाश चन्द्र ठाकुर का नाम भी शामिल है। उन्हें खरगोन जिला स्थानांतरित किया गया है। के.सी.ठाकुर ने जून 2025 में कटंगी एसडीएम का पदभार संभाला था। उनका लगभग एक वर्ष का कार्यकाल मिलाजुला रहा। इस दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और जनसुनवाई जैसे मुद्दों पर काम किया। हालांकि कई बार उनके फैसलों को लेकर विवाद भी सामने आए। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी के.सी. ठाकुर कटंगी से रिलीव नहीं हुए हैं। वह फिलहाल यहीं पदस्थ हैं और शासकीय कार्य कर रहे हैं। रिलीविंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही वह खरगोन के लिए रवाना होंगे। के.सी. ठाकुर के खरगोन तबादले के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि कटंगी अनुविभाग की कमान कौन संभालेगा। इसे लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, 15 जून को जारी हुई 155 अधिकारियों की स्थानांतरण सूची में राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारी सुधीर कुमार जैन, रामबाबू देवांगन और सुनल सिडाम को बालाघाट जिले में पदस्थ किया गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इन तीनों अधिकारियों में से किसी एक को कटंगी में एसडीएम की जिम्मेदारी दी जा सकती है। हालांकि अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि के.सी. ठाकुर कब रिलीव होते हैं और कटंगी में नए एसडीएम के रूप में किसकी पदस्थापना होती है।

### शिकायत के बाद भी नहीं निकला कोई समाधान,ठेकेदार की अवैध वसूली जारी

## बाजार ठेकेदार की मनमानी मनचाही वसूली से सब्जी विक्रेता और किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जिले की वारासिवनी नगर पालिका में अधिकारियों से ज्यादा ठेकेदार की चलती है।वारासिवनी नगर पालिका के कारनामों की चर्चा कोई नई बात नहीं है।एक बार ठेकेदार को किसी भी बाजार का ठेका मिल जाए,तो वह जितनी राशि चाहे वसूली कर सकता है।शिकायत करने के बाद भी सुनने वाला कोई नहीं है।अंतत ठेकेदार की मनमानी अवैध वसूली का शिकार गरीब वर्ग ही होता है।वारासिवनी नगर पालिका क्षेत्र में मंगलवार को भरने वाला बाजार अब दिनोदिन ठेकेदार की मनमानी के चलते अपनी पहचान खोता जा रहा है।सब्जी बेचने वाला हो या किसान जो अपने मवेशी को बेचने खरीदने पहुंचता है ठेकेदार की मनमानी वसूली के कारण सभी परेशान है।जब ठेकेदार से इस मनमानी वसूले के बारे में पूछा जाता है,तो उनका कहना आता है कि हमने महंगा ठेका लिया है।तो दुगुनी राशि वसूलेंगे ही,तो क्या बाजार ठेकेदार में उन गरीब किसान या सब्जी विक्रेताओं से पूछकर महंगा ठेका लिया था।या फिर नगर पालिका में बैठे जनप्रतिनिधि या अधिकारियों की साथ गाँठ से यह अवैध वसूली जारी है।



### जनता दरबार में शिकायत के बाद भी ठेकेदार कर रहा मनमानी वसूली

हर मंगलवार को नगर पालिका परिषद में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।जिसमें नगर सहित व्यापारी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचते है।ऐसा नहीं है।व्यापारियों द्वारा बाजार ठेकेदार की शिकायत न की गई हो।जनता दरबार में खुद पूर्व मंत्री प्रदीप जयसवाल और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता दादरे को शिकायत की गई थी।बावजूद इसका समाधान अभी तक नहीं हुआ है।जिसके चलते बाजार ठेकेदार अब जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को भी हल्के में लेने लगे है।

### कमाई का आधा हिस्सा देना पड़ता ठेकेदार को- दशरथ मात्रे

सब्जी विक्रेता दशरथ मात्रे ने कहा कि हम अपने छोटे-छोटे बच्चों को घर में छोड़कर दो पैसे कमाने वारासिवनी बाजार मंगलवार को सब्जी बेचने आते है।मगर जितने पैसे कमाते है उसका आधा हिस्सा बाजार ठेकेदार को देना पड़ता है।कम पैसे दो तो फेक कर चले जाते है।जितने पैसे मांगते है।उतना देना पड़ता है।नहीं तो दुकान उठाने की धमकी देते है। मजबूरी में हमें जितने पैसे मांगते है। देना पड़ता है।हमारे द्वारा कई बार नपा में शिकायत कर चुके है।हमारी समस्या को सुनने वाला कोई नही है।पहले ठेकेदार सब्जी वालो से 20 रुपए या 30 रुपए लेता था।अभी वाले तो 60 रुपए या 70 रूपए मांगते है।

ग्राम घोटी निवासी किसान योगीलाल नागेश्वर ने बताया कि मै कई वर्षों से वारासिवनी मंगलवार को मवेशी खरीदने और बेचने आते रहते है। मगर कभी बाजार ठेकेदार को 500 रुपए से अधिक नहीं दिए।अभी वाले ठेकेदार तो सीधे 800 या 1000 रुपए मांगते है।300 रुपए या 400 रुपए लेना चाहिए। मगर 800 रुपए में 1000 रुपए मांगते है। नहीं देने पर रसीद नहीं देते है और रसीद देते हैं, तो उसमें वसूली गई रकम नहीं लिखते है। मजबूरी में देना पड़ता है।मनमानी वसूली के कारण अब तो बाजार आना भी मन नहीं लगता।ऐसा लगता है कि सिर्फ हम बाजार ठेकेदार के लिए ही पैसे कमा रहे है।

इस संबंध में जब नगरपालिका सीएमओ सूर्यप्रकाश ऊके से मोबाइल पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, तो रिंग जाने के बावजूद उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया।

## चोरों के हौसले बुलंदः दलखा पौसेरा में घर में घुसकर लाखों की चोरी, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

### परिवार सोता रहा और बदमाश उड़ा ले गए सोना-चांदी व नकदी, कुछ दिन पहले मंदिर में हुई चोरी का राज भी नहीं खुला



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थाना के सुलसुली पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम दलखा पौसेरा में चोरों के बढ़ते हौसलों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने वार्ड क्रमांक 12 निवासी छन्नू पिता सुदामा पांचे के घर में घुसकर चोरी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। हैरानी की बात यह है कि वारदात के समय पूरा परिवार घर के अंदर सोता रहा और चोर आराम से अपना काम कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार चोरों ने पहले घर के बाहर लगी दोनों लाइटें निकालकर अंधेरा कर दिया, जिससे उनकी गतिविधियों पर किसी की नजर न पड़ सके। इसके बाद बदमाशों ने घर के अंदर रखी आलमारी के दो ताले तोड़ दिए और उसमें रखा सामान बाहर निकालकर घर के पीछे बने छप्पर तक पहुंचा दिया। वहां से चोरों ने कीमती सामान अपने कब्जे में ले लिया और बाकी सामान इधर-उधर फैला दिया।

वहीं चोर एक लकड़ी की पेटी को खेत तक ले गए, जहां उसमें रखे करीब आधा तोला सोने के जेवर, लगभग 50 तोला चांदी का करधन, नए कपड़े और 20 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार की नींद खुली तो घर और खेत में बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही सुलसुली पुलिस चौकी से मुंशी चंद्रप्रकाश पटले पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। इस दौरान ग्राम पंचायत पौसेरा के सरपंच कृष्णा पांचे एवं प्रभारी सचिव संजय वंशपाल भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही दलखा पौसेरा से दो से तीन किलोमीटर दूर स्थित सिध्दपीठ गांगजीराजा मंदिर में भी चोरी की घटना हुई थी, जिसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। लगातार हो रही चोरियों ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर रात में गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### कम उपस्थिति मिलने पर जिम्मेदार शिक्षकों पर होगी कार्रवाई, नो वर्क-नो पे के तहत कटेगा वेतन

# स्कूल खुलते ही पढ़ाई शुरू करने के निर्देश

# 100 प्रतिशत उपस्थिति पर रहेगा विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन ने नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में संचालित शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार अभियान के तहत स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालय खुलने के पहले ही दिन से शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा नियमित शिक्षण कार्य प्रारंभ किया जाए।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने निर्देशित किया है कि सभी शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करना वहां पदस्थ शिक्षकों की जिम्मेदारी होगी। प्रत्येक शिक्षक को अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संपर्क कर उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित करना होगा, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

कलेक्टर श्री मीना ने स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक गतिविधियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि निरीक्षण के दौरान शिक्षक बिना उचित कारण के अनुपस्थित पाए जाते हैं या अपने कार्यों के प्रति गंभीरता नहीं दिखाते हैं, तो उनके विरुद्ध ₹नो वर्क-नो पे₹ के सिद्धांत के तहत वेतन कटौती की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय खुलने के पहले दिन से ही पढ़ाई का वातावरण बनना चाहिए। केवल उपस्थिति दर्ज कराने तक सीमित न रहकर



शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर भी विशेष ध्यान देना होगा, ताकि विद्यार्थियों का सीखने का स्तर बेहतर हो सके। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

जिला प्रशासन द्वारा विद्यालयों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान यदि किसी विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाई जाती है अथवा शिक्षकों द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती जाती है, तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन), शिक्षक सशक्तिकरण, नियमित मूल्यांकन तथा तकनीक आधारित मॉनिटरिंग जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले का प्रत्येक बच्चा नियमित रूप से विद्यालय पहुंचे और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके। सभी शिक्षकों, पालकों एवं विद्यालय प्रबंधन समितियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा गया है कि बच्चों की नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना सभी की साझा जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन इस दिशा में पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है तथा शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सतत निगरानी बनाए हुए है।

### 152 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए

## जनसुनवाई में सुनी गईं आवेदकों की समस्याएं



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में 16 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक एवं श्री एम.आर. कोल तथा एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने आवेदकों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 152 आवेदक अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे।**


खैरलांजी तहसील के ग्राम येरवाटोला निवासी महेंद्रलाल बसेने नाली जाम होने की शिकायत लेकर आए थे। महेंद्रलाल का कहना था कि कुछ ग्रामीणों द्वारा पंचायत की जल निकासी नाली में मिट्टी डालकर उसे समतल कर दिया गया है, जिससे पानी का बहाव रुक गया है। नाली जाम होने से गंदा पानी उनके घर के सामने जमा हो रहा है और महामारी फैलने तथा मकान को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। उसने बताया कि 2 जून 2026 को ग्राम पंचायत को आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस प्रकरण में जनपद सीईओ खैरलांजी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। बालाघाट के प्राथमिक शिक्षक शिवनारायण मर्सकोले चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति राशि के भुगतान में हो रही देरी की शिकायत लेकर आए थे। शिवनारायण ने बताया कि उनके पुत्र के उपचार पर हुए खर्च की प्रतिपूर्ति हेतु 01 लाख 86 हजार 784 रुपये की राशि का आवंटन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 22 मई 2026 को जारी किया जा चुका है। आवश्यक दस्तावेज संकुल लामता के माध्यम से बीईओ कार्यालय में जमा करने के बावजूद देयक बिल ट्रेजरी में प्रस्तुत नहीं किया गया है। उपचार में भारी खर्च होने से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। अतः शीघ्र देयक बिल प्रस्तुत कर प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान कराया जाए। इस प्रकरण में बीईओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। बालाघाट तहसील के ग्राम धापेवाड़ा के निवासी डिगम्बर ढेकवार नल-जल योजना के तहत पानी नहीं मिलने की शिकायत लेकर आए थे। डिगम्बर का कहना था कि भटेरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत लगाए गए नलों में डेढ़ माह से पानी नहीं आ रहा है।

### क़ौमी एकता की मिसाल, बालाघाट हृदय स्थल स्थित हज़रत हक्कू शाह बाबा के दरबार में 222 वां सालाना उर्स शरीफ 21 से 29 जून तक मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शहंशाह ए बालाघाट क़ुतुब ए शहर, हज़रत सैय्यद अब्दुल हकीम हक्कु शाह बाबा, 222 वा सालाना उर्स ए पाक। 21 जून से 2026 से 29 जून 2026 तक मनाया जाएगा जिसमे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होगे। जिसमे 21 जून को सुबह 10 बजे परचम कुशाई / वा ग़ुस्ल ए मज़ार ए पाक होगा। 23 जून को दरबार शरीफ में मुक़द्दस तबरूकत की ज़ियारत कराई जाएगी, 25 जून को सुबह मिलाद वा कुरान ख़्वानी होगी।

इस उर्स में आकर्षक का केंद्र शाही संदल 26 जून शुक्रवार 10 मोहर्रम को दरबार शरीफ से दिन में 2 बजे निकाला जाएगा जिस देश भर में देश भर से आए अक़ीदत मंद शामिल होगे। 28 जून दिन रविवार शाम 7 बजे से / लंगर ए आम होगा



,29 जून को सुबह क़ुल शरीफ की फ़ातिहा, और रात 9 बजे से क़व्वाली का शानदार मुक़ाबला होगा । जिसमे हिंदुस्तान के मशहुर कव्वाल सब्बू शादब साबरी करियर शरीफ उत्तराखंड / और शफ़ैज़ शावेज वारसी देवा शरीफ यू पी से तशरीफ़ ला रहे है।

हज़रत हक्कू शाह बाबा दरबार ए खुद्दाम एवम कमेटी तामाम अक़ीदत मन चाहने वालों को उर्स में आने की गुज़ारिश करते है।

### 21 जून को 08 केन्द्रों पर होगी नीट परीक्षा, 3112 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में 21 जून 2026 को NEET (नीट) प्रवेश परीक्षा का आयोजन 08 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। इस परीक्षा में कुल 3112 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 02 बजे से 05 बजे तक आयोजित की जाएगी, जबकि सभी परीक्षार्थियों को प्रातः 11 बजे तक अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा।

संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस परीक्षा के लिए जिले में कुल 08 केंद्र बनाये गए है। परीक्षा केंद्र सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में 600, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ी में 232, कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में 240, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 480, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 240, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 480, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भरवेली में 360 तथा जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 480 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। साथ ही परीक्षार्थियों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा में किसी भी प्रकार की स्टेशनरी सामग्री जैसे पेपर, कंपास बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, पेनड्राइव, राइटिंग पैड, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन तथा संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर आदि लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त परीक्षार्थियों को वॉलेट, गॉगल्स, हैंडबैग, बेल्ट, घड़ी, ब्रेसलेट, कैमरा, धातु के आभूषण एवं खाद्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों को साधारण कपड़े पहनकर तथा पैरों में कम हील की चप्पल पहनकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा। वे अपने साथ केवल पारदर्शी पानी की बोतल ला सकते हैं। प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से निर्देशों का पालन करते हुए समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की है।

### परसवाड़ा थाने से 100 मीटर दूर सिर पर मारी ईंट; खून बहने से गई जान

## सैलून संचालक का मर्डर, आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की परसवाड़ा पुलिस ने सैलून संचालक अनिल गोले की हत्या के आरोप में पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी फगलाल ठाकरे और उसके बेटे पंकज ठाकरे को मंगलवार को स्थानीय कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। रविवार को दुकान के पास ईंट हटाने की बात पर हुए विवाद में यह हत्या हुई थी।

यह वारदात रविवार को परसवाड़ा थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई थी। दोपहर को सैलून दुकान के पास ईंट रखने को लेकर अनिल गोले का फगलाल और पंकज ठाकरे से विवाद हो गया।

बहस बढ़ने पर आरोपी पंकज ठाकरे ने पास में पड़ी एक ईंट उठाकर अनिल गोले के सिर पर दे मारी। इस हमले में अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके सिर से भारी मात्रा में खून बहने लगा।



हमले के बाद पुलिस अनिल को लहूलुहान हालत में थाने लेकर पहुंची, जहां उन्हें अचानक चक्कर आ गया और वे गिर पड़े। पुलिसकर्मी उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर गए, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परसवाड़ा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

थाने के नजदीक हुई इस वारदात के बाद हरकत में आई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता-पुत्र को तुरंत हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने थाने में जरूरी कागजी औपचारिकताएं और पूछताछ पूरी करने के बाद दोनों को विधिवत गिरफ्तार किया और मंगलवार को कोर्ट के सामने पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### सुपर सीडर मशीन से डीएसआर पद्धति द्वारा धान की बुवाई, किसानों को दी गई आधुनिक खेती की जानकारी

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में कृषि विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक एवं लागत प्रभावी खेती की तकनीकों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार 16 जून 2026 को वारासिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत दिनी में किसान श्री तामेश चौधरी (पिता श्री पोतनलाल चौधरी) के खेत में सुपर सीडर मशीन के माध्यम से डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति से लगभग 2.50 एकड़ क्षेत्र में धान की विनती किस्म की बुवाई की गई। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि डीएसआर पद्धति धान उत्पादन की एक उन्नत तकनीक है, जिससे श्रम, समय और पानी की बचत होती है तथा किसानों की उत्पादन लागत भी कम होती है। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को डीएसआर तकनीक के लाभों एवं इसकी वैज्ञानिक विधि की विस्तार से जानकारी दी गई।

## कलेक्टर ने खाद्य, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों की समक्ष में की सुनवाई

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 16 जून को खाद्य आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की सीएम हेल्पलाईन की 200 से अधिक दिनों की लंबित शिकायतों की समक्ष में सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्त्ता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी से समक्ष में चर्चा कर शिकायत के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली और लंबित शिकायतों को बंद करने के निर्देश दिये।

किरनापुर तहसील के तुलसीराम बावनकर, वारासिवनी तहसील के किशोर कुमार एवं बालाघाट तहसील के ग्राम केशलेवाड़ा के प्रदीप द्वारा खाद्यान्न पर्ची नहीं मिलने एवं खाद्यान्न पात्रता पर्ची में नाम नहीं जोड़े जाने की शिकायत की गई थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान बताया गया कि किशोर कुमार एवं प्रदीप की शिकायत का समाधान हो चुका है और उसे बंद करा दिया गया है। तुलसीराम की शिकायत का भी निराकरण कर दिया गया है। इस पर उनकी शिकायत को भी शीघ्र बंद कराने के निर्देश दिये गये।

कटंगी तहसील के ग्राम बोरीखेड़ा (मा ) के रामदयाल, बिरसा के ओमलाल दांदरे एवं बालाघाट तहसील के ग्राम मंझारा के मुकेश कुमार चौरे द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की गई थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान पाया गया कि उनके प्रकरण में आवेदक महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की राशि माह मार्च 2026 में प्राप्त हो गई है। लेकिन योजना के पोर्टल पर यह प्रदर्शित नहीं हो रही थी। संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा शिकायतकर्त्ता को बैंक खाते में जमा राशि का विवरण दिखाया गया है। जिस पर इन तीनों शिकायतों को बंद कराया गया।

कमला टेंभुर्ने, भुवनेश्वरी लिल्हारे एवं रूखमणी निषाद का वर्ष 2024 में जिला चिकित्सालय में प्रसव हुआ था। लेकिन इन तीनों महिलाओं को संबल योजना के अंतर्गत मिलने वाली प्रसूति सहायता योजना की राशि नहीं मिलने की शिकायत की गई थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान डॉ ऋत्विक पटेल ने बताया कि इन तीनों महिलाओं के खाते में प्रसूति सहायता की राशि जमा करा दी गई है। जिस पर इन तीनों शिकायतों का निराकरण हो जाने के कारण उन्हें बंद कराने के निर्देश दिये गये।

## बहुजन समाज पार्टी का कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 16 जून को कटंगी विधानसभा क्षेत्र के तिरोड़ी में बसपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उमाकांत बंदेवार जोन प्रभारी भोपाल ने कहा प्रदेश में किसान मजदूर, व्यापारी ,छात्र हो या नौकरी पेशा लोग परेशान हैं और आदिवासी,दलित पिछड़ों के साथ अल्प संख्यक और पिछड़े सर्व समाज के लोगों का शोषण हो रहा है इन सबकी मुक्ति के लिए बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार करके विधायक बनाए ताकि मध्यप्रदेश में बसपा की सरकार बन सके बैठक को ईजी0 महेंद्र जिला अध्यक्ष बसपा एड राजपाल उके जिला महासचिव अनिल ऊके विधानसभा प्रभारी ने भी संबोधित किया अध्यक्षता बेनीराम बावनकर विधानसभा अध्यक्ष ने किया।





### जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, कुल 112 आवेदन प्राप्त

**मण्डला।** जिला मुख्यालय स्थित जिला योजना भवन में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न दूर-दराज के क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और उनके निराकरण के लिए आवेदन सौंपे। जनसुनवाई के दौरान कुल 112 आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने आवेदकों की समस्याओं को संवेदनशीलता और गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने उपस्थित एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि प्राप्त सभी आवेदनों का परीक्षण कर समय-सीमा के भीतर न्यायसंगत निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### सरपंच संघ ने थाने में सौंपा आवेदन, शिकायत कर कार्रवाई की रखी मांग

## 181 में शिकायत की धमकी देकर सरपंचों से अवैध वसूली

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में फर्जी लोगों द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 की शिकायत लगाने की धमकी देकर सरपंच-सचिवों से अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। परेशान सरपंच संघ ने सोमवार 16 जून को थाना प्रभारी कटंगी को आवेदन सौंपकर ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। सरपंच संघ जनपद पंचायत कटंगी के अध्यक्ष उमेश पटले ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि जनपद पंचायत कटंगी के अंतर्गत आने वाली कुछ ग्राम पंचायतों में ऐसे फर्जी लोग सक्रिय हैं जो उस गांव के निवासी नहीं हैं। ये लोग 181 लगाकर सरपंचों से अवैध वसूली की मांग करते हैं। आवेदन के अनुसार जब सरपंचों द्वारा पैसे देने से मना किया जाता है तो यह लोग धमकियां देते हैं। गाली-गलौज करते हैं, मारने-पीटने और जान से मारने की धमकी देते हैं। साथ ही सीएम हेल्पलाइन 181 लगाने और आरटीआई लगाने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं।

सरपंच संघ ने आवेदन में उन पंचायतों और लोगों के नाम भी बताए हैं जहां 181 की धमकी देकर वसूली की जा रही है। फिलहाल फर्जी लोगों के द्वारा ग्राम पंचायत सेलवा, आगरवाड़ा, चिचगांव और कलगांव की शिकायत की गई है। सरपंच संघ ने थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि उनकी समस्या का निराकरण करें। संघ का कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों से सरपंच और सचिव मानसिक रूप से परेशान हैं। विकास कार्यों में भी बाधा आ रही है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन 181 संचालित की जा रही है। इसमें कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं या अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत दर्ज करा सकता है। लेकिन कुछ लोग इसका दुरुपयोग कर सरपंचों को ब्लैकमेल कर रहे हैं। फिलहाल कटंगी पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### महाराणा प्रताप जयंती, भूमि पूजन एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान का निर्णय

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** ब्लॉक राजपूत क्षत्रिय सभा किरनापुर की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को किरनापुर स्थित पूर्व ब्लॉक कोषाध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र सिंह चौहान के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर झलेंद्र सिंह चौहान ने की, जबकि मार्गदर्शन पूर्व जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक संरक्षक ठाकुर रणजीत सिंह चौहान ने प्रदान किया। बैठक में समाज हित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक का प्रमुख विषय आगामी 21 जून 2026, रविवार को ग्राम पाला (किरनापुर) में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह, महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु भूमि पूजन तथा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन रहा। उपस्थित सदस्यों ने इस कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने का संकल्प लिया।

सभा में निर्णय लिया गया कि समाज के उन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों का सम्मान न केवल उनकी उपलब्धियों का गौरव बढ़ाएगा बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा।

बैठक में समाज की आर्थिक मजबूती पर भी विशेष चर्चा की गई। सदस्यों ने पूर्ववत आर्थिक सहयोग जारी रखने का निर्णय लेते हुए समाज के जरूरतमंद परिवारों तथा सामाजिक गतिविधियों में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।





